# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ

**विज्ञापन संख्या- 17-परीक्षा/2016**

ऑनलाइन आवेदन रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ होने की तिथि – 15.09.2016

ऑनलाइन शुल्क जमा करना प्रारम्भ होने की तिथि – 17.09.2016

परीक्षा हेतु रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि – 01.10.2016

ऑनलाइन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि – 03.10.2016

आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि – 05.10.2016

## सम्मिलित प्रयोगशाला प्रविधिज्ञ (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा 2016

आयोग के विज्ञापन संख्या-17 परीक्षा/2016 द्वारा चिकित्सा विभाग में "प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ" के कुल रिक्त 921 पदों, जिनका आरक्षित श्रेणीवार विवरण नीचे सारिणी -1 में दिया गया है, के सापेक्ष लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर चयन हेतु, भारत के नागरिकों से दिनांक 15.09.2016 से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। उक्त दोनों विभागों में रिक्त पदों के लिए अभ्यर्थी को केवल एक ही आवेदन सबमिट करना है।

विशेष नोट :- 1-आयोग के विज्ञापन संख्या-14-परीक्षा/2016,सम्मिलित प्रयोगशाला प्रविधिज्ञ व लैब टेक्निशियन(सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा 2016 के सम्बन्ध में मा०उच्च न्यायालय,लखनऊ खण्डपीठ में योजित रिट याचिका संख्या-18077(एस/एस)/2016 केशपाल तथा 02 अन्य प्रति उत्तर प्रदेश राज्य तथा अन्य के क्रम में दिनांक 19.08.2016 में पारित आदेश में यह निर्देश दिये गये हैं कि आयोग द्वारा विज्ञापन नए सिरे से उत्तर प्रदेश "(उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग कि परिधि से बाहर) समूह "ग" के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया नियमावली ,2002 यथासंशोधित उत्तर प्रदेश (उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग कि परिधि से बाहर)समूह "ग "के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया (चतुर्थ संशोधन)नियमावली,2014 दिनांक 29.01.2014 के अनुसार प्रकाशित किया जाए तथा पूर्व विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को उनकी पात्रता के अनुसार चयन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जाए। अतः ऐसे अभ्यर्थी जो आयोग के विज्ञापन संख्या-14-परीक्षा/2016 द्वारा सम्मिलित प्रयोगशाला प्रविधिज्ञ व लैब टेक्निशियन(सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा 2016 के अंतर्गत आवेदन कर चुके हैं उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

विशेष सूचना- (2):- परीक्षा शुल्क का भुगतान रजिस्ट्रेशन होने के अगले कार्य दिवस को या उसके बाद किया जा सकता है। बैंक में शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि तक अभ्यर्थी द्वारा शुल्क जमा करने एवं आवेदन सबमिट करने की दशा में ही उसका आवेदन पूर्ण होगा। यदि निर्धारित अंतिम तिथि के बाद बैंक में शुल्क जमा किया जाता है तो अभ्यर्थी का आवेदन स्वीकार नहीं होगा, उसे निरस्त माना जाएगा। जमा शुल्क किसी भी दशा में किसी अभ्यर्थी को वापस नहीं होगा। निर्धारित अंतिम तिथि तक शुल्क बैंक में जमा करना तथा निर्धारित अंतिम तिथि तक आवेदन सबमिट (SUBMIT) करने का दायित्व अभ्यर्थी का है। कृपया एक रजिस्ट्रेशन नंबर पर एक बार से अधिक फीस का भुगतान न करें।

2- ऑनलाइन आवेदन के साथ कोई प्रमाण पत्र / अंक तालिका आदि प्रेषित करने की आवश्यकता नहीं है।

### ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक सूचना –

इस विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन करने हेतु ऑनलाइन आवेदन पद्धति (online application system) लागू है। अन्य किसी माध्यम से प्रेषित आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन ही करें।

अभ्यर्थी द्वारा उक्त पदों के लिए एक से अधिक आवेदन "सबमिट" करने की दशा में अंतिम आवेदन ही स्वीकार होगा, शेष सभी आवेदन निरस्त माने जाएंगे।

7. विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी संशोधित सूचना के आधार पर निम्नलिखित विभागों में रिक्त 921 पदों का श्रेणीवार विवरण निम्नवत है:-

सारिणी1 -

| पद क्रम सं० | विभाग का नाम | पद नाम | वेतन बैन्ड / वेतनमान / ग्रेड पे | जुलाई 01, को आयु 2016 -न्यूनतम) वर्षों (अधिकतम में। | रिक्त पदों का श्रेणीवार विवरण | | | | | पदों की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | कुल पद | |
| 1- | महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। | प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ | रु०-5200 -/20200ग्रेड पे-/2800- | 18-40 | 366 | 153 | 14 | 196 | 729 | अस्थायी |
| 2- | महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। | प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ | रु०-5200 -/20200ग्रेड पे-/2800- | 18-40 | 111 | 52 | 00 | 29 | 192 | अस्थायी |
| | कुल पद | | | | 477 | 205 | 14 | 225 | 921 | |

नोट- 1-उपर्युक्त रिक्त सभी पदों के लिए केवल एक ही आवेदन करना है।

2- उपर्युक्त तालिका के क्रमांक -2 पर उल्लिखित विभाग की रिक्तियों में विभिन्न मेडिकल कॉलेज के पद संकलित हैं ,चूंकि प्रत्येक मेडिकल कॉलेज के पदों का सृजन अलग -अलग है ,इसलिए प्रत्येक मेडिकल कॉलेज के सृजित पदों पर अलग -अलग श्रेणीवार आरक्षण निकालकर उन्हें संकलित कर दर्शाया गया है।

विभागवार क्षैतिज आरक्षण

उपर्युक्त सारणी-1 में उल्लिखित पदों में क्षैतिज आरक्षण के संबंध में विभाग द्वारा उपलब्ध कराया गया विवरण निम्नवत है:-

सारणी-2

| विभाग का नाम | पदनाम | क्षैतिज आरक्षण की श्रेणी | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। | प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ | (i)- स्व०संग्राम सेनानी के आश्रित<br>(ii)- विकलांगजन<br>(iii)- भूतपूर्व सैनिक<br>(iv)- महिला | 14<br>21<br>36<br>145 |
| महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ। | प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ | (i)- स्व०संग्राम सेनानी के आश्रित<br>(ii)- विकलांगजन<br>(iii)-महिला | 01<br>05<br>34 |

टिप्पणी

(1)- उपर्युक्त सारणी-1 में उल्लिखित पदों के सापेक्ष आवेदन हेतु ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी, जिन्होंने पहले आवेदन नहीं किया है और जो 01 जुलाई, 2016 को पद के सम्मुख अंकित आयु सीमा के अंतर्गत आते हैं और पद हेतु विहित अनिवार्य शैक्षिक अर्हता, जिसका उल्लेख आगे सारणी-3 में किया जा रहा है, धारित करते हैं, वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं ।किन्तु जो अभ्यर्थी पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या 14-परीक्षा/2016 के अंतर्गत विज्ञापित "प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ एवं लैब टेक्निशियन" के पदों के सापेक्ष आवेदन सबमिट कर चुके हैं उन्हे पुन: आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

